राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 18 दिसम्बर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में मंत्रियों एवं पदाधिकारियों का आगामी दो सप्ताह का जनसुनवाई कार्यक्रम विभिन्न कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में शुरू किए गए जनसुनवाई कार्यक्रम को आगामी दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 20, 21 एवं 22 दिसम्बर, 2021 को होने वाली जनसुनवाई को राजस्थान सरकार के तीन वर्षों के कार्यक्रमों में मंत्रीगणों की व्यवस्तता तथा दिनांक 27, 28 एवं 29 दिसम्बर, 2021 को होने वाली जनसुनवाई का कार्यक्रम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित प्रशिक्षण शिविर के कारण स्थगित कर दिया गया है।

चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में अगली जनसुनवाई का कार्यक्रम माह जनवरी, 2022 में किया जाएगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter